UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 29 गोपालकृष्ण गोखले (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
गोखले की दृष्टि में समाज में राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत् करने के लिए सर्वोपरि आवश्यकता क्या थी?
उत्तर:
गोखले की दृष्टि में समाज में राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत् करने के लिए शिक्षा सर्वोपरि आवश्यकता थी।

प्रश्न 2:
गांधी जी ने गोपालकृष्ण गोखले को राजनैतिक गुरु क्यों माना?
उत्तर:
गांधी जी ने गोखले को राजनैतिक गुरु माना; क्योंकि उन्होंने गोखले से स्वराज प्राप्ति का तरीका सीखा।।

प्रश्न 3:
केवल एक गोखले से हमारी रूह काँपती है। उसके जैसे बीसियों और बन रहे हैं अब हम क्या करेंगे ? गोखले के बारे में यह टिप्पणी क्यों की गई ?
उत्तर:
गरीबों की स्थिति में सुधार के लिए सन् 1905 में गोखले ने सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डिया सोसाइटी की स्थापना की। शीघ्र ही यह संस्था समाज सेवा करने को तत्पर युवा और उत्साही कार्य कर्ताओं का प्रशिक्षण स्थल बन गया। इसमें अधिकांश कार्यकर्ता स्नातक थे। इस संस्था के प्रमुख कार्य आदिवासियों का उत्थान करना, बाढ़ व अकाल पीड़ितों की मदद करना, स्त्रियों को शिक्षित करना और विदेशी शासन से मुक्ति के लिए संघर्ष करना आदि थे। कार्यकताओं पर गोखले को अच्छा प्रभाव था। इसी लिए गोखले के बारे में उक्त टिप्पणी की गई।

प्रश्न 4:
गोखले ने किन बातों के लिए सरकार पर बराबर दबाव बनाए रखा ?
उत्तर:
नि:शुल्क एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा को प्रारंभ करने, कृषि तथा वैज्ञानिक शिक्षा को बढ़ावा देने, तथा अकाल, राहत कोष का सही ढंग से इस्तेमाल करने हेतु सरकार पर बराबर दबाव बनाए रखा।

प्रश्न 5:
अलीगढ़ कॉलेज पहुँचने पर गोखले का स्वागत वहाँ के छात्रों ने किस प्रकार किया ?
उत्तर:
अलीगढ़ कॉलेज पहुँचने पर वहाँ के छात्रों ने उनके बग्घी से घोड़े हटा दिए और स्वयं बग्घी में जुत गए और बग्घी को खींचते हुए गोखले जिन्दाबाद' के नारे लगाते हुए स्ट्रीची हॉल तक ले गए।

प्रश्न 6:
सही **(✓)** अथवा गलत **(✗)** का चिह्न लगाइए (चिह्न लगाकर)

https://www.evidyarthi.in/

(क) गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म मानावाला गाँव में हुआ। **(✗)**
(ख) गोखले का अँग्रेजी भाषा पर असाधारण अधिकार था। **(✓)**
(ग) गोखले सफल शिक्षक थे। **(✓)**
(घ) गोपाल कृष्ण गोखले इंग्लैंड में भारत की सही तस्वीर प्रस्तुत नहीं कर पाए। **(✗)**
(ङ) गोखले कृषि तथा वैज्ञानिक शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते थे। **(✓)**

प्रश्न 7:
रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)

(क) गोपालकृष्ण गोखले के पिता **कृष्णाराव** एवं माता **सत्यभामा** थे।
(ख) उन्होंने मुम्बई के **एलिफिंस्टन** कॉलेज से **स्नातक** की परीक्षा उत्तीर्ण की।
(ग) गोखले को **जन्मजात प्राध्यापक** कहा जाता था।
(घ) गोखले ने **समाज सेवा** को अपने जीवन का परम लक्ष्य बना लिया था।

प्रश्न 8:
'सर्वेट ऑफ इण्डिया' सोसाइटी के क्या उद्देश्य थे? सूची बनाइए।
उत्तर:
'सर्वेट ऑफ इण्डिया' सोसाइटी के निम्न उद्देश्य थे

1. आदिवासियों का उत्थान करना।
2. बाढ़ व अकाल पीड़ितों की मदद करना।
3. स्त्रियों को शिक्षित करना।
4. विदेशी शासन से मुक्ति के लिए संघर्ष करना।

प्रश्न 9:
आपकी इस पुस्तक में भारत की बहुत-सी महान विभूतियों से सम्बन्धित पाठ दिए। गए हैं। हम इन विभूतियों के बारे में क्यों पढ़ते हैं? अपने विचार लिखिए।
उत्तर:
महान विभूतियों के विषय में हम उनके जीवन की घटनाओं, उनके विचारों, अनुभवों आदि के विषय में पढ़ते हैं। उनके प्रेरक प्रसंगों का छात्रों पर प्रभाव पड़ता है; छात्रों की कल्पना शक्ति का विकास होता है और जीवन के प्रत्येक रहस्य को जानने की जिज्ञासा प्रबल होती है। छात्र अनेक विषयों की गहनता को समझने में रुचि लेने लगते हैं। प्रेरक प्रसंग शिक्षार्थी को ज्ञान और चिन्तन की ओर अग्रसर करने में सहायक होते हैं। इनके पठन-पाठन से छात्रों-छात्राओं में वैज्ञानिक अभिवृद्धि और शाश्वत मूल्यों का विकास होता है।

https://www.evidyarthi.in/